# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 7.9.26 | 3 | 1-2 |

## शिक्षक दिवस पर एचएयू कुलपति के सम्मान में विद्यार्थियों ने किया कार्यक्रम



**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन में कुलपति ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र, व्यक्तित्व और सोच का निर्माण भी करती है। शिक्षक ज्ञान के साथ सही दिशा, अनुशासन और चुनौतियों का सामना करने का साहस देते हैं, इसलिए शिक्षक-विद्यार्थी संबंध विश्वास और मार्गदर्शन पर आधारित होना चाहिए। कुलपति ने विद्यार्थियों से शिक्षकों के साथ विनम्र और सम्मानजनक व्यवहार रखने तथा सीखने की जिज्ञासा बनाए रखने की अपील की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 7.9.26 | 7 | 7-8 |


# शिक्षक-विद्यार्थी संबंध विश्वास और सम्मान पर आधारित हों : कुलपति

हिसार, 6 सितंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया। प्रो. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा और शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों के महत्व पर विचार साझा किए।

कुलपति ने कहा कि शिक्षक दिवस महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, लेखक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करती है। शिक्षक विषय का ज्ञान देने के साथ विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा, अनुशासन और चुनौतियों का सामना करने का साहस भी प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध कक्षा और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विश्वास, सम्मान और मार्गदर्शन पर आधारित होना चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षकों के अनुभव और ज्ञान से सीखने की जिज्ञासा रखनी चाहिए तथा ईमानदारी, मेहनत, अनुशासन और अच्छे आचरण से उनके विश्वास पर खरा उतरना चाहिए।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के नव-निर्माण में शिक्षक एवं विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर सुझाव और विचार रखे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 7-9-26 | 3 | 1 |

## शिक्षक दिवस पर छात्रों ने कुलपति को किया सम्मानित

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रो. काम्बोज ने बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करती है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का संबंध केवल कक्षा और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह विश्वास, सम्मान और मार्गदर्शन पर आधारित होना चाहिए। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. रमेश गोयल ने कहा कि समाज और राष्ट्र के नव-निर्माण में शिक्षकों और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 7.9.26 | 4 | 6-8 |

# हकृवि में शिक्षक दिवस पर छात्रों ने कुलपति को किया सम्मानित

हिसार, 6 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर कुलपति के सम्मान में विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।



*शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों के साथ कुलपति व अन्य।*

कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के साथ सदैव विनम्र, अनुशासित और सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ सुशील शर्मा, डॉ विकास काम्बोज, डॉ देवेन्द्र सिंह और डॉ मनमोहन सिंह सहित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 7.9.26 | 1 | 7-8 |



## विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व व सोच का निर्माण करते शिक्षक : प्रो. बीआर कम्बोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करती है। शिक्षक विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान देने के साथ-साथ जीवन में सही दिशा, अनुशासन और चुनौतियों का सामना करने का साहस भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच संबंध केवल कक्षा और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह विश्वास, सम्मान और मार्गदर्शन पर आधारित होना चाहिए। एक शिक्षक का ज्ञान विद्यार्थी का भविष्य बदल सकता है और विद्यार्थी की सफलता पूरे समाज के भविष्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कुलपति ने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों के साथ सदैव विनम्र, अनुशासित और सम्मानजनक व्यवहार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षकों के अनुभव और ज्ञान का सम्मान करते हुए उनसे सीखने की जिज्ञासा रखनी चाहिए। शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना अच्छे विद्यार्थी के संस्कारों और व्यक्तित्व की पहचान होती है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 7-9-26 | 5 | 1-3 |

# शिक्षक विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व व सोच का निर्माण करते हैं : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में शिक्षक दिवस पर छात्रों ने कुलपति को किया सम्मानित

हिसार, 6 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर कुलपति के सम्मान में विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। डॉ. राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक, लेखक और राजनेता भी थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करती है। शिक्षक विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान देने के साथ-साथ जीवन में सही दिशा, अनुशासन और चुनौतियों का सामना करने का साहस प्रदान करते हैं।



शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों के साथ कुलपति व अन्य।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के साथ सदैव विनम्र, अनुशासित और सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के अनुभव और ज्ञान का सम्मान करते हुए उनसे सीखने की जिज्ञासा रखनी चाहिए। शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए विद्यार्थियों का भी दायित्व है कि वे ईमानदारी, मेहनत, अनुशासन और अच्छे आचरण के साथ अपने शिक्षकों के विश्वास पर खरा उतरें। शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना एक अच्छे विद्यार्थी के संस्कारों और व्यक्तित्व की पहचान होती है। एक सच्चा विद्यार्थी वही है जो अपने शिक्षकों का सम्मान करने के साथ-साथ उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और संस्कारों को अपने व्यवहार और जीवन में उतारता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के नव-निर्माण में शिक्षकों और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों द्वारा उठाए गए विषयों पर सकारात्मक एवं सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ. नितिश बंसल ने मंच का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. विकास काम्बोज, डॉ. देवेन्द्र सिंह और डॉ. मनमोहन सिंह सहित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 07.09.2026 | ----- | ---- |

# शिक्षक विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करते हैं : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

## हकृवि में शिक्षक दिवस पर छात्रों ने कुलपति को किया सम्मानित

-पाठकपक्ष न्यूज-



हिसार, 7 सितम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर कुलपति के सम्मान में विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। डॉ राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक, लेखक और राजनेता भी थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करती है। शिक्षक विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान देने के साथ-साथ जीवन में सही दिशा, अनुशासन और चुनौतियों का सामना करने का साहस प्रदान करते हैं। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का संबंध केवल कक्षा और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह विश्वास, सम्मान और मार्गदर्शन पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का ज्ञान विद्यार्थी का भविष्य बदल सकता है और एक विद्यार्थी की सफलता पूरे समाज का भविष्य बदल सकती है।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के साथ सदैव विनम्र, अनुशासित और सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के अनुभव और ज्ञान का सम्मान करते हुए उनसे सीखने की जिज्ञासा रखनी चाहिए। शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए विद्यार्थियों का भी दायित्व है कि वे ईमानदारी, मेहनत, अनुशासन और अच्छे आचरण के साथ अपने शिक्षकों के विश्वास पर खरा उतरें। शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना एक अच्छे विद्यार्थी के संस्कारों और व्यक्तित्व की पहचान होती है। एक सच्चा विद्यार्थी वही है जो अपने शिक्षकों का सम्मान करने के साथ-साथ उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और संस्कारों को अपने व्यवहार और जीवन में उतारता है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ रमेश गोयल ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के नव-निर्माण में शिक्षकों और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों द्वारा उठाए गए विषयों पर सकारात्मक एवं सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ नितिश बंसल ने मंच का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर डॉ सुशील शर्मा, डॉ विकास काम्बोज, डॉ देवेन्द्र सिंह और डॉ मनमोहन सिंह सहित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 06.09.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि में शिक्षक दिवस पर छात्रों ने कुलपति को किया सम्मानित

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर कुलपति के सम्मान में विद्यार्थियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। डॉ राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक, लेखक और राजनेता भी थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करती है। शिक्षक विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान देने के साथ-साथ जीवन में सही दिशा, अनुशासन और चुनौतियों का सामना करने का साहस प्रदान करते हैं। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का संबंध केवल कक्षा और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह विश्वास, सम्मान और मार्गदर्शन पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का ज्ञान विद्यार्थी का भविष्य बदल सकता है और एक विद्यार्थी की सफलता पूरे समाज का भविष्य बदल सकती है। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के साथ सदैव विनम्र, अनुशासित और सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के अनुभव और ज्ञान का सम्मान करते हुए उनसे सीखने की जिज्ञासा रखनी चाहिए। शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए विद्यार्थियों का भी दायित्व है कि वे ईमानदारी, मेहनत, अनुशासन और अच्छे आचरण के साथ अपने शिक्षकों के विश्वास पर खरा उतरें। शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना एक अच्छे विद्यार्थी के संस्कारों और व्यक्तित्व की पहचान होती है। एक सच्चा विद्यार्थी वही है जो अपने शिक्षकों का सम्मान करने के साथ-साथ उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और संस्कारों को अपने व्यवहार और जीवन में उतारता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ रमेश गोयल ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के नव-निर्माण में शिक्षकों और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों द्वारा उठाए गए विषयों पर सकारात्मक एवं सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ नितिश बंसल ने मंच का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर डॉ सुशील शर्मा, डॉ विकास काम्योज, डॉ देवेन्द्र सिंह और डॉ मनमोहन सिंह सहित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

